# कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-II, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

पत्रांक: ए. ई-II/03/डब्लू.एम.-1/वर्ग-III/528/2025/नियू.-पद./खंड-1/ 1321 दिनांक: 02-09-2025

## कार्यालय आदेश

श्री पंकज पोद्दार, नवनियुक्त खंडीय लेखाकार (परिवीक्षाधीन) को कार्यालय आदेश दिनांक 26-08-2025 द्वारा अधिशाषी अभियंता, निर्माण खंड-6, प्रयागराज में तैनात किया गया था। परन्तु अधिशाषी अभियंता, निर्माण खंड-6, प्रयागराज द्वारा यह सूचित किये जाने कि निर्माण खंड-6, प्रयागराज को निर्माण खंड-4 (भवन), लो.नि.वि., लखनऊ के रूप में पुनर्स्थापित/पुनर्गठित किया जा रहा है एवं निर्माण खंड-6, प्रयागराज को बंद/समाप्त किया जा रहा है के क्रम में श्री पंकज पोद्दार को कार्यालय अधिशाषी अभियंता, अनुसंधान एवं नियोजन खंड, गोरखपुर में तैनात किया जाता है | यात्रा की अवधि और वास्तविक किराए के अतिरिक्त और कोई कार्यालय ग्रहण काल एवं यात्रा भत्ता देय नहीं होगा |

वरिष्ठ उप महालेखाकार (डी.ए.सी.सी.)

पत्रांक: ए. ई-II/03/डब्लू.एम.-1/वर्ग-III/528/2025/नियू.-पद./खंड-1/ 311 - 318 दिनांक: 02-09-2025

प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. श्री पंकज पोद्दार, खंडीय लेखाकार (परिवीक्षाधीन), कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हक़.)-II, उ.प्र., प्रयागराज।
2. अधिशासी अभियंता, अनुसंधान एवं नियोजन खंड, गोरखपुर | श्री पंकज पोद्दार, खंडीय लेखाकार (परिवीक्षाधीन), जिनकी नियुक्ति 22-08-2025 (अपराह्न) को हुई थी, को एतद्द्वारा उपरोक्त खंड में पदस्थ किया जाता है। उन्हें 02-09-2025 (अपराह्न) को उपरोक्त खंड हेतु इस कार्यालय से कार्यमुक्त कर दिया गया है। उनका वेतन 'वेतन मैट्रिक्स के स्तर-6' के अनुसार 35400/- रुपये निर्धारित किया जाएगा। सभी भत्ते केंद्र सरकार की विद्यमान दरों पर देय रहेंगे। प्रथम वेतन वृद्धि छह माह पूरे होने पर 1 जुलाई या 1 जनवरी, जैसी स्थिति हो, जारी की जाएगी। द्वितीय वेतन वृद्धि अगले वर्ष, 1 जुलाई या 1 जनवरी, जैसी स्थिति हो, जारी की जाएगी। तृतीय वेतन वृद्धि आगामी वर्ष, 1 जुलाई या 1 जनवरी, जैसी स्थिति हो, इस शर्त के अधीन जारी की जाएगी कि परिवीक्षा की निर्दिष्ट अवधि संतोषजनक ढंग से पूरी कर ली गई हो और खंडीय लेखाकार श्रेणी परीक्षा उत्तीर्ण कर ली गई हो।

   श्री पंकज पोद्दार, खंडीय लेखाकार (परिवीक्षाधीन) को केवल खंडीय लेखाकार के पद पर प्रशिक्षण हेतु उन खंडीय लेखाधिकारी/खंडीय लेखाकार जो आई एवं पी, गोरखपुर का अतिरिक्त प्रभार/लिंक प्रभार संभाल रहे हैं, के प्रभार में पदस्थ किया गया है | उन्हें आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण के लिए इस कार्यालय हेतु कार्यमुक्त किया जाना है। उनका वेतन एवं भत्ते दिनांक 23-08-2025 से प्रभावी होंगे।
3. खंडीय लेखाधिकारी/खंडीय लेखाकार, जो उपरोक्त खंड का अतिरिक्त प्रभार/लिंक प्रभार संभाल रहे हैं, को निर्देश दिया जाता है कि वे अपने नियमित प्रभार में भी नवनियुक्त प्रभागीय लेखाकार (परिवीक्षाधीन) को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे |
4. वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, प्रयागराज को आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से |
5. वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, गोरखपुर को आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से |
6. अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड-6, प्रयागराज को आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से |
7. वरिष्ठ लेखाधिकारी (डब्लू. एम-II), कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-II, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज |
8. वरिष्ठ लेखाधिकारी (कम्प्यूटर सेल), कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-II, उ.प्र., प्रयागराज को इस अनुरोध के साथ कि कार्यालय आदेश को आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें |

वरिष्ठ लेखाधिकारी/डब्लू.एम.-II